सुविचार

कागज अपनी किस्मत से उड़ता है लेकिन पतंग अपनी काबिलियत से..!

साप्ताहिक

युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

YP24 NEWS

FREEDOM OF SPEECH

जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 9, अंक-5 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 8 मार्च 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम व्यापार मेले का किया भ्रमण



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन के दशहरा मैदान में चल रहे उज्जैनी विक्रम व्यापार मेले का गुरुवार देव रात्रि भ्रमण कर अवलोकन किया। उन्होंने मेले में विभिन्न कंपनियों के चार पहिया, दो पहिया वाहनों सहित अन्य उत्पादों के स्टॉलों में घूम कर दुकानदारों से बातचीत भी की।

## मुख्यमंत्री ने आत्माराम को दी स्कूटी की चाबी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने व्यापार मेले में वाहन खरीदी के लिए आए श्री आत्माराम मेघवाल को स्कूटी की चाबी सौंपी। आत्माराम ने बताया कि उज्जैन में इस प्रकार से भव्य मेले क्या आयोजन से सभी को प्रसन्नता हुई है। ऐसे आयोजनों से सभी को लाभ मिल रहा है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव का बेहतर व्यवस्थाओं के लिए आभार माना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मेले में स्टॉल संचालित कर रहे विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने विक्रम व्यापार मेले की बेहतर व्यवस्थाओं और प्रबंधन के लिए आभार व्यक्त किया। विधायक श्री अनिल जैन कालूहेडा, नगर निगम अध्यक्ष श्री मुकेश टटवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी इस दौरान उपस्थित रहें।

# मीडियाकर्मियों को मतदाता सूची के प्रकाशन की जानकारियां सांझा की



**विदिशा।** कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव ने जिले में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होने के उपरांत उपरोक्त जानकारियों से जिले के मीडियाकर्मियों से संवाद स्थापित कर नवीनतम जानकारियां सांझा की। कलेक्टेऊट कार्यालय के बेतवा सभागार में आयोजित पत्रकारवार्ता में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शशि मिश्रा ने भी मतदाता सूची के संबंध में नवीनतम जानकारियों से अवगत कराया है। कलेक्टर श्री भार्गव ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले में हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा निर्वाचन की व्यवस्थाओं का हू-ब-हू क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने स्ट्रांगरूम, मतगणना सामग्री वितरण व मतगणना कार्य के लिए विधानसभा निर्वाचन की तर्ज पर चिन्हित स्थलों पर ही तमाम निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराई जाएगी। कलेक्टर श्री भार्गव ने बताया कि आज जारी अद्यतन मतदाता सूची अनुसार अंतिम प्रकाशन तिथि आठ फरवरी की स्थिति में 1101568 मतदाता है जिसमें 574325 पुरूष व महिला मतदाताओं की संख्या 527216 तथा अन्य 27 शामिल है। जेण्डर रेशो 918, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 10391, 18 से 19 आयु के नवीन मतदाताओं की संख्या 42068 तथा 20 से 29 आयु वर्ग के कुल मतदाताओं की संख्या 292054, वहीं 80 प्लस मतदाताओं की संख्या 15036 है। सर्विस वोटर 408 शामिल है। कलेक्टर श्री भार्गव ने बतलाया कि जिले में पदस्थ सभी अधिकारी, कर्मचारी अपना नाम संबंधित कार्यक्षेत्र की विधानसभा की मतदाता सूची में जुड़वाए इसके लिए विशेष पहल की गई थी। अंतिम प्रकाशन में जोड़े एवं घटाए मतदाताओं की विधानसभावार स्थिति की जानकारियों से अवगत कराया गया है। कलेक्टर श्री भार्गव ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नवीन दिशा निर्देशानुसार अब 14 वर्ष तक के बच्चों का उपयोग निर्वाचन संबंधी किसी भी गतिविधियों में नहीं किया जाएगा चाहे वह स्वीप संबंधी कार्यक्रम हो। पत्रकारवार्ता के दौरान मीडियाकर्मियों की अनेक जिज्ञासाओं का समाधान कलेक्टर द्वारा किया गया। इस वार्ता में प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया क्षेत्र में कार्यरत मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

# IPC ने महिलाओं को 9 हथियार दिए हैं, कोई आंख उठा कर नहीं देख पाएगा - LAW FOR WOMEN IN INDIA

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस या फिर भारत के राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हमेशा महिलाएं सुरक्षा की मांग करती हैं और देशभर में होने वाले सभी प्रकार की सेमिनार अथवा कार्यक्रमों में पुरुषों द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए वचनबद्धता दोहराई जाती है। एक प्रकार से जिस दिन यह बताया जाता है कि सुरक्षा के मामले में महिलाएं, आज भी पुरुषों पर डिपेंड करती है। हम आपको बताते हैं कि भारतीय दंड संहिता ने महिलाओं को कुछ ऐसे सुरक्षा आवरण दिए हैं, जिनके बारे में यदि महिलाओं को जानकारी हो गई तो उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए कोई मोर्चा नहीं निकालना पड़ेगा। इसकी पावर इतनी ज्यादा है कि यदि कोई महिला इस पोस्ट को अपने मोबाइल में ओपन करके छोड़ दे और उसे प्रताड़ित करने वाला पति या फिर ससुराल का कोई भी व्यक्ति यह देख ले कि महिला क्या अध्ययन कर रही है तो लगभग 50त्न सुरक्षा सुनिश्चित हो जाएगी। याद रखिए, जेल किसी को अच्छी नहीं लगती। जंगल का राजा अभी सलाखों के पीछे जाने से डरता है।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**यदि कोई, महिला को देखकर अश्लील गाने गाता है क्या करें:** भारतीय दंड संहिता की धारा 294 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान पर बुरी गालियां देना, अश्लील गाने गाना जो कि सुनने पर बुरे लगें का दंडनीय प्रावधान हैं।

**दण्ड-** संज्ञेय अपराध 3 माह की कारावास या जुर्माना या दोनो।अपराध का संज्ञान किसी भी मजिस्ट्रेट द्वारा लिया जा सकता है।

**यदि कोई, महिला को अश्लील वीडियो सेंड कर दे तो क्या करें:** भारतीय दण्ड संहिता की धारा 354, 354 (क, ख,ग, घ, ङ) के अंतर्गत महिला की लज्जाशीलता भंग करने के लिए उसके साथ बल का प्रयोग करना, महिलाओं को अश्लील वीडियो दिखाना, भेजना, पीछा करना, कमजोर करनें के उद्देश्य से हमला करना, नातेदार या अन्य व्यक्ति द्वारा स्त्री की लज्जा भंग करना।

**दण्ड-** सारे अपराध संज्ञेय होते हैं, सजा कम से कम 1 वर्ष से अधिकतम सात वर्ष तक कि होती है।

**यदि कोई, शादी के लिए महिला को उठा ले जाए तो क्या करें:** भारतीय दण्ड संहिता की धारा 363 के अंतर्गत विधिपूर्ण संरक्षण से महिला का अपहरण करना।

**दण्ड-** संज्ञेय अपराध है,

**सजा** - सात वर्ष और जुर्माना भी साथ में।

भारतीय दण्ड संहिता की धारा 364 के अंतर्गत हत्या करने के उद्देश्य से महिला का अपहरण करना।

**दण्ड-** संज्ञेय अपराध एवं अजमानतीय अपराध

**सजा-** आजीवन कारावास के साथ जुर्माना।

भारतीय दण्ड संहिता की धारा 366 के अंतर्गत किसी महिला को विवाह करने के लिए विवश करना या उसे भ्रष्ट करने के लिए अपहरण करना।

**दण्ड-** संज्ञेय अपराध एवं अजमानतीय

**सजा** - दस वर्ष की कारावास के साथ जुर्माना भी।

**पत्नी से नौकरानी के समान व्यवहार करने वाले के खिलाफ कानून:** भारतीय दण्ड संहिता की धारा 371 के अंतर्गत किसी महिला के साथ दास, नौकरानी के समान व्यवहार।

**दण्ड-**संज्ञेय एवं अजमानतीय अपराध।

**सजा-** दस वर्ष से आजीवन कारावास और जुर्माना भी।

**18 साल से कम उम्र की लड़की से वेश्यावृत्ति के खिलाफ कानून:** भारतीय दण्ड संहिता की धारा 372 के अंतर्गत वैश्यावृत्ति के लिए 18 वर्ष से कम आयु की बालिका को बेचना या भाड़े पर देना।

**सजा-** संज्ञेय अपराध एवं अजमानतीय अपराध होते हैं।

**सजा-** दस वर्ष की कारावास के साथ जुर्माना भी।

## विशेष?

ऐसे प्रकरणों पर विचार न्यायालय द्वारा बंद कमरे में धारा 372 (2) द.प्र.सं. के अंतर्गत किया जाए। उल्लेखनीय है कि बलात्कार करने के आशय से किए गए हमले से बचाव हेतु हमलावर की मृत्यु तक कर देने का अधिकार महिला को है (धारा 100 भा.द.वि. के अनुसार),दूसरी बात साक्ष्य अधिनियम की धारा 114 (ए) के अनुसार बलात्कार के प्रकरण में न्यायालय के समक्ष पीड़ित महिला यदि यह कथन देती है कि संभोग के लिए उसने सहमति नहीं दी थी, तब न्यायालय यह मानेगा कि उसने सहमति नहीं दी थी। इस तथ्य को नकारने का भार आरोपी पर होगा।

**भारतीय दंड संहिता,1860 की धारा 375 की परिभाषा (बलात्कार का अपराध कब बनता है।-** जब कोई पुरुष किसी स्त्री के साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध सम्भोग करता है तो उसे बलात्कार (बलात्संग) कहते हैं।

## बलात्कार का अपराध कब माना जाता है-

- महिला की इच्छा के विरुद्ध।
- महिला की सहमति के बिना।
- किसी महिला को डरा-धमकाकर सहमति ली गई हो।
- महिला की सहमति नकली पति बनकर ली गई हो जबकि वह उसका पति नहीं है।
- महिला की सहमति तब ली गई हो जब वह दिमागी रूप से कमजोर या पागल हो।
- महिला की सहमति तब ली गई हो जब वह शराब या अन्य नशीले पदार्थ के कारण होश में नहीं हो।
- महिला 18 वर्ष से कम उम्र की है, चाहे उसकी सहमति से हो या बिना सहमति के।
- 18 वर्ष से कम उम्र की पत्नी के साथ पति द्वारा किया गया सम्भोग भी बलात्कार है।

**भारतीय दंड संहिता धारा 376 (क) की परिभाषा-** पृथक(अलग अलग)/ रहने के दौरान किसी पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ (बलात्संग) सम्भोग करने की दशा में यह अपराध होता है। सजा- दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डित किया जाएगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा।

**भारतीय दंड संहिता 376 (ख) की परिभाषा-** लोक सेवक द्वारा अपनी अभिरक्षा में किसी स्त्री के साथ (बलात्संग) सम्भोग करने की दशा में यह अपराध होता है सजा - पांच वर्ष तक कारावास और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा।

**भारतीय दंड संहिता की धारा 376-ग की परिभाषा-** जेल, प्रतिप्रेषण गृह आदि के अधीक्षक द्वारा(बलात्संग) सम्भोग की स्थिति में यह अपराध होता है। सजा पांच वर्ष तक की कारावास और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा।

**धारा 376- घ भारतीय दंड संहिता** - अस्पताल के प्रबंधक या कर्मचारीवृन्द आदि के किसी सदस्य द्वारा उस अस्पताल में किसी स्त्री के साथ(बलात्संग) सम्भोग करेगा तब यह अपराध होगा सजा- वह दोनों में किसी भांति के कारावास से जिसकी अवधि पांच वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डित किया जाएगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा।

**भारतीय दण्ड संहिता की धारा 494 की परिभाषा -** पत्नी के होते हुए पति अगर दूसरा विवाह कर ले या पत्नी दूसरी शादी कर ले तब अपराध होता है। सजा- सात वर्ष की कारावास के साथ जुर्माना भी।

**भारतीय दण्ड संहिता की धारा 498 (क) की परिभाषा-** किसी भी शादीशुदा स्त्री को पति या पति के रिश्तेदार द्वारा प्रताड़ित करना, क्रूर व्यवहार करना, दहेज की मांग करना अपराध है।

**सजा-** तीन वर्ष की कारावास के साथ जुर्माना भी।

[भारतीय दण्ड संहिता,1860 में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों से सम्बंधित जो कानून बनाये हैं वह वर्तमान समय में प्रभावी है अगर उपर्युक्त में से किसी कानून का हनन हो रहा है तो महिलाएं सीधे न्यायालय या मजिस्ट्रेट के पास परिवाद(शिकायत) दर्ज कर सकती है)

**- लेखक बी. आर. अहिरवार (पत्रकार एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665**

# असाधारण है तीस घंटे बताने वाली उज्जैन में स्थापित दुनिया की पहली वैदिक घड़ी वैदिक समयानुसार मुहूर्त भी दिखाएगी

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

किसी घड़ी में आपने चौबीस की जगह तीस घंटे सुना है। लेकिन अब ऐसा होने जा रहा है।और यह कोई ऐसी वैसी घड़ी नहीं है बल्कि वैदिक घड़ी है जो मुहूर्त और राशिफल के साथ साथ कई और महत्वपूर्ण जानकारी भी देगी मध्य प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन के जंतर मंतर वैद्यशाला में यह वैदिक घड़ी पिच्चासी फीट ऊँचे टावर पर लगाई गई है। यह दुनिया की पहली ऐसी घड़ी है जो घंटे मिनट और सैकेंड के साथ साथ यह भी बताएगी की सूर्योदय सूर्यास्त कब हुआ था इतना ही नहीं यह घड़ी पाञ्चांग मुहूर्त समय भी बताएगी इस वैदिक घड़ी में एक दिन में चौबीस नहीं बल्कि तीस घंटे होंगे अड़तालिस मिनट का एक घंटा होगा दरसल धार्मिक नगरी उज्जैन को काल गणना का केंद्र माना जाता है। कालों के काल भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में स्थापित वैदिक घड़ी महत्वपूर्ण जानकारी के साथ आपको वैदिक ज्ञान भी प्रदान करेगी इस डिजिटल घड़ी का प्रयोग पहली बार उज्जैन में किया जा रहा है।यह काफी आकर्षण का केन्द्र होगा।क्योंकि हर कोई इस वैदिक घड़ी को देखना चाहता है वैदिक घड़ी इंटरनेट तथा जीपीएस से जुड़ी होने के कारण हर जगह से लोग इसका उपयोग कर सकते हैं। यह घड़ी मौजूद सूर्य के स्थान के आधार पर समय की गणना करेगी इस




घड़ी को मोबाइल तथा टीवी पर भी सेट किया जा सकेगा।

**वैदिक घड़ी में एक बजे के स्थान पर ब्रह्म लिखा हुआ है, इसका अर्थ यह है कि ब्रह्म एक ही है दूसरा कोई नहीं- एकोब्रह्मद्वितीयो नास्ति।**

दो बजे के स्थान पर अश्विनों लिखा हुआ है। अश्विनी कुमार दो पुत्र है- नासत्य और दस्र। नासत्य सूर्योदय एवं दस्र सूर्यास्त का प्रतिनिधित्व करते हैं। तीन बजे के स्थान पर त्रिगुणाः लिखा हुआ है, जिसका अर्थ है कि गुण तीन प्रकार के हैं- सतोगुण, रजोगुण और तमोगुण।

जीव और प्रकृति तीन गुणों की ही होती है। चार बजे के स्थान पर चतुर्वेदाः लिखा हुआ है, जिसका अर्थ है कि वेद चार प्रकार के होते हैं- ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद। वेद ही हिन्दुओं के धर्मग्रंथ है दूसरा कोई धर्मग्रंथ नहीं। पाँच बजे के स्थान पर पंचप्राणाः लिखा हुआ है, जिसका अर्थ है प्राण पांच प्रकार के होते हैं- अपान, समान, प्राण, उदान और व्यान। शरीर में यह मुख्यतः पांच प्रकार के प्राण स्थित होते हैं। छः बजे के स्थान पर षडूसाः लिखा हुआ है, इसका अर्थ है कि रस 6 प्रकार के होते हैं- मधुर, अमल, लवण, कटु, तिक्त और कसाय । सात बजे के स्थान पर सप्तर्षयः लिखा हुआ है इसका अर्थ है कि सप्त ऋषि सात हुए हैं- कश्यप, अत्रि, भारद्वाज, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि और वशिष्ठ। हर युग में अलग अलग सप्त ऋषि हुए हैं।आठ बजे के स्थान पर अष्ट सिद्धियः लिखा हुआ है इसका अर्थ है कि सिद्धियां आठ प्रकार की होती है- अणिमा, महिमा, लघिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, इशित्व और वशित्व। नौ बजे के स्थान पर नवद्रव्याणि लिखा हुआ है इसका अर्थ है कि 9 प्रकार की निधियां होती हैं- पद्म, महापद्म, नील, शंख, मुकुंद, नंद, मकर, कच्छप, खर्व।

दस बजे के स्थान पर दशदिशः लिखा हुआ है, इसका अर्थ है कि दिशाएं दस होती है- पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, ईशान, नैऋत्य, वायव्य, आग्नेय, आकाश, पाताल। ग्यारह बजे के स्थान पर रुद्राः लिखा हुआ है, इसका अर्थ है कि रुद्र ग्यारह प्रकार के हुए हैं-कपाली, पिंगल, भीम, विरुपाक्ष,विलोहित, शास्ता, अजपाद,अहिर्बुध्न्य, शम्भु, चण्ड और भव। यह भगवान शिव के रूप माना जाता है। बारह बजे के स्थान पर आदित्याः लिखा हुआ है, अर्थ यह है कि सूर्य बारह प्रकार के होते हैं- अंशुमान, अर्यमन, इंद्र, त्वष्टा, धातु, पर्जन्य, पूषा, भग, मित्र, वरुण, विवस्वान (सूर्य) और विष्णु (वामन) । यह ऋषि कश्यप और अतिति के पुत्र हैं जो देवता हैं। उज्जैन में लगी इस वैदिक घड़ी की खासियत की अगर बात करें तो यह एक सूर्योदय से दूसरे सूर्योदय के बीच तीस घंटे का समय दिखाएगी। साथ ही इसमें भारतीय मानक समय के आधार पर साठ मिनट नहीं बल्कि अड़तालिस मिनट का एक घंटा तय किया गया है।

# अचानक दुनियाभर के सोशल मीडिया मेटा प्लेटफॉर्म के एप फेसबुक एवं इंस्टाग्राम समेत अन्य एकाउंट हुए सस्पेंड

भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन

फेसबुक पर आई तकनीकी समस्या के कारण अचानक भारत समेत पूरी दुनिया के लोगों की आईडी बंद हो गई फेसबुक, इंस्टाग्राम अकाउंट अपने आप लॉग आउट हो रहे थे । सोशल मीडिया मेटा प्लेटफॉर्म के फेसबुक और इंस्टाग्राम पांच मार्च मंगलवार को अचानक




बंद हो गए। यूजर्स के सोशल मीडिया अकाउंट्स अचानक ही लॉगआउट होने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। एप डाउन लोड करने में भी मुश्किल आ रही थी। एप ओपन करते ही सेशन एक्पायर लिखा हुआ दिखाई दे रहा था । इसके अलावा, इंस्टाग्राम उपयोगकर्ताओं के अनुसार उन्हें भी बड़े पैमाने पर तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था । जिससे लाखों उपयोगकर्ताओं को सोशल मीडिया सेवाओं तक पहुंचने में त्रुटियां हो रही थी । उपयोगकर्ताओं ने फेसबुक से लॉग आउट होने सहित समस्याओ को रिपोर्ट किया और जब उन्होंने वापस लॉग इन करने का प्रयास किया तो उन्हें एक त्रुटि संदेश मिला जैसे कुछ गलत हो गया। कृपया पुन- प्रयास करें। मॉनिटरिंग सेवा डाउन डिटेक्टर के अनुसार, त्रुटि रिपोर्टें मंगलवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे के ठीक बाद बढ़ीं। सुबह ग्यारह बजे तक, डाउनडिटेक्टर को पांच लाख से अधिक त्रुटि रिपोर्ट प्राप्त हुई थीं। कंपनी मेटा के प्रतिनिधियों ने रिपोर्ट के अनुरोधों का तुरंत कोई जवाब नहीं दिया।बहरहाल अब सभी एप सुचारू ढंग से काम कर रहे हैं ।

# कुशाभाउ ठाकरे सभागृह में गौ- संरक्षण निराश्रित गौ- वंश एवं गौशालाओं के बेहतर प्रबंधन पर कार्यशाला

भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि गौ-वंश के बेहतर प्रबंधन से अर्थव्यवस्था को सशक्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गौ-वंश हर तरह से लाभदायक है। दुग्ध और दुग्ध से बने उत्पादों के साथ, गौ-मूत्र और गोबर से भी कई तरह के उत्पाद बनाये जा सकते हैं। जो गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ-वंश का आर्थिक, सामाजिक और धार्मिक महत्व है। गौ-संरक्षण और गौ-सेवा की भावना जन-जन में विकसित करना महत्वपूर्ण है। उप मुख्यमंत्री ने कुशाभाउ ठाकरे सभागृह भोपाल में 'गौ-रक्षा संवाद' निराश्रित गौ-वंश एवं गौशालाओं के बेहतर प्रबंधन पर हितग्राहियों की कार्यशाला का उद्घाटन किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौशालाओं के प्रबंधन में अधोसंरचना विकास के साथ मानव संसाधन गौ-सेवक की व्यवस्था महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही विभिन्न उत्पादों के निर्माण और विपणन की बेहतर व्यवस्था गौशालाओं को आर्थिक मज़बूती देने के लिए आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा गौ-वंश वन्य विहार रीवा में किए जा रहे प्रयासों से





उपस्थित जनों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि गौशालाओं के बेहतर प्रबंधन से गौ-वंश का संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित होगा साथ ही रोज़गारों का सृजन होगा। उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गौ-सेवा के अभिनव प्रयास के लिये आभार व्यक्त किया।

# करोड़ों के विकास कार्यो का विधायक किरण देव ने किया भूमिपूजन

**जगदलपुर** विधायक किरण देव ने आज शहर के विभिन्न वार्डों में करोड़ों के विकास कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया । 15वें वित्त आयोग से शहर की जल भराव समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से विधायक श्री किरण देव के पहल पर शहर के विभिन्न वार्डों में नाला निर्माण कार्य की स्वीकृति प्राप्त हुई । जिसका आज विधिवत भूमिपूजन किया गया है । जिसमें शहीद पार्क चौक में चंद्रशेखर आजाद वार्ड में नाला निर्माण लागत 199 .11 लाख ,श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में शहीद पार्क चौक मे पुलिया व नाला निर्माण 124.53 लाख ,बंगीय समाज भवन में महेंद्र कर्मा वार्ड में नाला निर्माण लागत 21 लाख ,महारानी वार्ड में नाला निर्माण लागत लगभग 68 लाख ,मदन मोहन मालवीय वार्ड में नाला निर्माण लागत 61.79 लाख,रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड में नाला निर्माण 18.7 लाख ,अंबेडकर वार्ड में नाला निर्माण 27.70 लाख ,बलिराम कश्यप वार्ड में नाला निर्माण 49.96 लाख ,अनुकूल देव में नाला निर्माण लागत लगभग 41 लाख ,सुंदरलाल शर्मा वार्ड में नाला निर्माण 11.96 लाख ,सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में नाला निर्माण 40.53 लाख ,गांधीनगर वार्ड में नाला निर्माण 49.55 लाख ,रमैया वार्ड में नाला निर्माण 109.97 लाख ,अटल बिहारी वाजपेई वार्ड में नाला निर्माण 33.76 लाख ,एवं दलपत सागर वार्ड में नाला निर्माण 65.50 लाख जिसकी कुल लागत 912.42 लाख रुपए के नाला निर्माण एवं विधायक निधि से विजय वार्ड में सीसी सड़क के लिए 16.26 लाख



,विजय वार्ड के समूद चौक के पास शेड निर्माण लागत 04 लाख ,विवेकानंद वार्ड में बीटी सड़क निर्माण के लिए लागत 8.66 लाख ,विजय वार्ड में सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए 12 लाख ,बस्तर विकास प्राधिकरण के लिए विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्य 13 लाख रुपए से कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया गया । भूमि पूजन कार्यक्रम में जगदलपुर विधायक किरण देव ने संबोधित करते हुए कहा कि शहर की सबसे बड़ी समस्या बारिश के दौरान वार्डों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती रही है ,उस समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश में हमारी सरकार बनने के बाद ही इस कार्ययोजना पर कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ नगरीय प्रशासन से 912 लाख की स्वीकृति प्रदान कराया गया ,जिसका आज विधिवत भूमि पूजन किया जा रहा है ,सभी कार्य अपने तय सीमा में पूरे किए जाने का निर्देश देते हुए श्री देव ने कहा बारिश के दौरान शहर के विभिन्न वार्डों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती थी नालों के निर्माण से जल भराव की समस्या से निजात मिलेगा । शहर विकास में किसी भी प्रकार के राशि की कमी नहीं होगी जगदलपुर शहर का चौमुखी विकास होगा । विकास को लेकर किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा ,विकास की गति नहीं रुकेगी । हमारी जनता को मूलभूत सुविधा देना हमारा दायित्व है । हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश एवं देश का चौमुखी विकास हो रहा है । हमारे संवेदनशील मुख्यमंत्री प्रदेश के विकास में लगातार अग्रसर है । हमने संवारा है हम ही सवारेंगे की चरितार्थ पर अमल करते हुए लगातार विकास कार्य हो रहे हैं । जिस कड़ी में आज शहर के विभिन्न वार्डों के लिए 912 लाख रुपए की राशि से नाला निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया है । वही महापौर श्रीमती सफीरा साहू ने कहा नालों के निर्माण से शहर में जल भराव की समस्याओं से निजात मिलेगा । जनता की बरसों पुरानी समस्या रही है जल भराव की उसे समस्या का समाधान हो रहा है ।

नेता प्रतिपक्ष श्री संजय पांडे ने कहा कि आज ऐतिहासिक दिन है जहां करोड़ों के विकास कार्यों का भूमि पूजन हो रहा है जिसके लिए विधायक श्री किरण देव जी का सहृदय धन्यवाद विकास कार्य लगातार चलता रहेगा । शहर में जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए नाला निर्माण करना बहुत ही आवश्यक था जिस पर विधायक श्री किरण देव ने पहल करते हुए नाला निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कराई । इस दौरान पूर्व वन विकास निगम अध्यक्ष श्री श्रीनिवास राव मद्दी ,भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रूपसिंह मंडावी ,एमआईसी सदस्य श्री यशवर्धन राव ,पार्षद योगेंद्र पांडे ,नरसिंह राव ,नीलम यादव ,आलोक अवस्थी ,राजपाल कसेर ,निर्मल पाणिग्रही ,ललिता राव ,ममता पोटाई,दिगंबर राव ,मानिक रामनाग,अनीता नाग ,सुशीला बधेल,पंचराज सिंह ,विक्रम सिंह डांगी,श्वेता बघेल ,सूर्या पानी , आयुक्त श्री हरेश मंडावी ,पूर्व पार्षद रजनीश पानीगाही,आरेद सिंह आर्य ,मनोहर तिवारी ,अतुल कोशल ,संग्राम राणा ,प्रभारी कार्यपालन अभियंता धर्मेंद्र मिश्रा ,उप अभियंता दीपांशु देवांगन ,अशोक ,अमन नेताम व काफी संख्या में वार्ड के नागरिक एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान राशन नवीनीकरण कार्ड ,राशन कार्ड धारकों को विधायक श्री किरण देव के द्वारा वितरित किया गया ।





# मै छोटे से गांव का छोटा प्रत्याशी आप सभी के बीच आया हु - महेश कश्यप



**जगदलपुर।** बस्तर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप द्वारा आज विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत किया गया। जगदलपुर में आयोजित करोड़ो के विकास कार्यो के भूमिपूजन कार्यक्रम में महेश कश्यप शामिल हुए।बास्तानार में आयोजित अखिल विश्व गायत्री परिवार के पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में बस्तर लोकसभा भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप शामिल हुए। इस दौरान कश्यप ने कहा कि मै लोकसभा के प्रत्याशी के रूप में छोटे से गांव का छोटा आदमी आप सभी के बीच में आया हु, यह सब संभव देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व देश की सबसे बड़ी भारतीय जनता पार्टी के कारण संभव हुआ है। इस बार आपको तय करना है कि वोट राम को देना है या रावण को,इसलिए अपने वोट का बार सही उपयोग करे ताकि देश विकसित भारत की ओर जा सके। मुझे भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है,आप सभी का आशीर्वाद मुझे मिले यही आशा और विश्वास आप सभी से है। इस दौरान दो नव विवाहित जोड़ो को नव दाम्पत्य जीवन हेतु शुभकामनाएं भी दी है। डिलमिली में आयोजित दीदी मंडई अधिवेशन में शामिल हो कर महेश कश्यप ने उपस्थित समस्त माता- बहनों से आशीर्वाद लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में बस्तर क्षेत्र की वीर- वीरांगनाओं को सम्मान

## बस्तर के मुक्ति संग्राम के नाम से वेब सीरीज का पहल अध्याय बस्तर एक स्त्री राज्यम शीर्षक से बस्तर क्षेत्र की वीरांगनाओं पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म यू ट्यूब पर

**जगदलपुर,08 मार्च 2024।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में अंग्रेजों की दमनकारी नीति, शोषण के विरूद्ध एवं जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिये बस्तर के आदिवासी समुदाय में आदिवासी जननायक एवं वीर-वीरांगनाओं हुए। इन्ही जननायकों एवं वीर-वीरांगनाओं पर आधारित बस्तर के मुक्ति संग्राम नामक बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण द्वारा वेब सीरीज तैयार की गई है। इसी वेब सीरीज का प्रथम अध्याय बस्तर एक स्त्री राज्यम है। प्रारंभ से ही बस्तर स्त्रीराज्यम रहा है। पौराणिक काल से वर्तमान तक यहां की महिलाएं सशक्त रही हैं। बस्तर अंचल में महिलाओं की इसी सशक्त भागीदारी को मद्देनजर रखते हुए बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बस्तर क्षेत्र के वीर-वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए बस्तर एक स्त्री राज्यम शीर्षक से बस्तर क्षेत्र की वीर-वीरांगनाओं पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म यू









ट्यूब पर लॉन्च किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के मंशानुसार बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बस्तर संभाग के बहादुर शासिकाओं, वीर वीरांगनाओं को सम्मान सहित सादर श्रद्धांजलि देने के लिए एक संक्षिप्त लघु फिल्म का निर्माण प्राधिकरण द्वारा किया गया है। इस लघु फिल्म के माध्यम से बस्तर की गौरवमयी इतिहास को आम जन तक जानकारी पहुंचाने का प्रयास किया गया है। बस्तर एक स्त्री राज्यम शीर्षक से बस्तर क्षेत्र की वीर-वीरांगनाओं पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म में महारानी प्रमिला देवी, राजकुमारी चमेली देवी, मासकदेवी, रमोतीन माड़िन की जीवनी का विवरण दिया गया है जिन्होंने अपनी जल, जंगल और जमीन के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है।

# समाज युवा संगठन कि बाबई रोड स्थित कार्यालय नर्मदापुरम में बैठक सम्पन्न हुई



श्री कृष्ण यादव अहीर समाज युवा संगठन कि बैठक बाबई रोड स्थित कार्यालय नर्मदापुरम में सम्पन्न हुई जिसमे बड़ी संख्या में संगठन के लोग एकत्र हुए एवम् सामूहिक विवाह सम्मेलन, परिचय सम्मेलन, आवलीघाट धर्मशाला निर्माण,श्री राधेकृष्ण मंदिर निर्माण आंवलीघाट और संगठन के विस्तार जैसे अनेक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। संगठन के संरक्षक इंजीनियर अनिल यादव समाजसेवी भीलट देव जी मुख्य रूप से वैठक में उपस्थित रहे। एवम बैठक में राहुल कुमार यादव रेसलपाठा,मेघराज जी पानवर्री,दीना यादव जी चांदला,हेमंत यादव जी खारदा,विजय यादव जी खारदा, गोलू यादव नर्मदापुरम,एवम नर्मदापुरम क्षेत्र के सभी युवा साथी शामिल हुए,एवम आदरणीय मेघराज जी यादव (जिला प्रबंधक सोसाइटी नर्मदापुरम)के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

# ग्रामीण बरेली के बच्चों के साथ पस्तुति परक कार्यशाला का किया आयोजन




रायसेन। मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर भारत सरकार के सहयोग से रामकृष्ण रिपरटायर सोशल वेलफेयर सोसाइटी के नाटक महाकपि के लिये रायसेन जिले के ग्रामीण बरेली के बच्चों के साथ पस्तुति परक कार्यशाला का आयोजन किया गया .इस कार्यशाला में बच्चों को नाटक और नाटक से जुडी विधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी.इस कार्यशाला को विशाल चतुर्वेदी द्वारा किया गया। नाटक महाकपि बच्चों के साथ प्रस्तुति के लिये तैयार है। नाटक कीप्रस्तुति 12 मार्च को लिटिल बेले ट्रूप में होने वाला है इस नाटक को विवेक शर्मा ने लिखा है पर इसका निर्देशन विशाल चतुर्वेदी ने किया है. विशाल चतुर्वेदी का कहना है की बच्चों के साथ काम करने से हमें बहुत कुछ सीखने मिला, ये सारे बच्चे रायसेन जिले के बरेली के है जो अलग अलग विधा सीख रहे है.ओर बच्चों का रंगकर्म में होना अपने आप मे सुखद अनुभव होता है।

# अमर शहीद मनीराम अहिरवार जी के परपोते एवं वरिष्ठ पत्रकार मूलचन्द मेधोनिया के सुपुत्र अमित के विवाह पर सैकड़ों समाजसेवी व वरिष्ठों ने वर वधु को दिया आशीर्वाद

**चीचली।** जिला नरसिंहपुर - शहीदों की नगरी चीचली जो कि तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर मध्यप्रदेश में है। जो कभी गोंडवाना राजा के नाम से जानी जाती रही है। जहां पर आजादी के आन्दोलन में सन् 1942 में राजघराने की सुरक्षा करते हुए वीर मनीराम अहिरवार जी ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने राजा के खातिर जान की बाजी लगाकर नगर व गोंड महल की सुरक्षा की ऐसे महान क्रांतिकारी शूरवीर मनीराम अहिरवार जी की जन्मभूमि चीचली है। जिस भूमि में आज भी शहीद परिवार तीन पीढियों से जीवन यापन कर रहे है। जिनके चौथी पीढ़ी के परपोते आयुष्मान चिरंजीवी अमित का विवाहोत्सव विगत दिनों सम्पन्न हुआ। गौरतलब हो की प्रख्यात समाजसेवी एवं वरिष्ठ







पत्रकार मूलचन्द मेधोनिया के अमित पुत्र है। जिनकी शादी में सामाजिक गणमान्यजन, रिश्ते नातेदार, वरिष्ठ समाजसेवी, पत्रकार जन, एवं क्षेत्र के प्रतिनिधि सहित सैकड़ों वरिष्ठ नेता व गाँव के सर्वजनों ने शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी की जन्मभूमि पहुँचकर आशीर्वाद दिया। सभी वरिष्ठ जनों ने बरात कार्यक्रम में विशेष रूप से शमिल होकर नये दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने वाले अमित और शिवानी को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस विवाह आयोजन की मुख्य विशेषता यह खास रही की गुरु रविदासिया धर्म पद्धतिनुसार एवं अहिरवार समाज के रीति रिवाज से सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्व जाति धर्म के लोगों ने बराती बनकर वर वधु के दाम्पत्य जीवन की मंगलकामनाए करते हुए शुभकामनाएं देते हुए वरिष्ठ पत्रकार मूलचन्द मेधोनिया को बधाई दी।

# सात मार्च को मुख्यमंत्री कन्या दान योजना के तहत सामूहिक विवाह के वितरित होगें प्रमाण पत्र

## अमर शहीद मनीराम अहिरवार परिवार के द्वारा सभी नव दम्पतियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं

मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल

भोपाल, गुरु रविदास विश्व महापीठ , श्री संत रविदास सेवा संस्थान भोपाल के तत्वधान में मुख्यमंत्री कन्या दान योजना के तहत दिनांक 24 फरवरी 2024 को भोपाल संत रविदास जी महाराज मंदिर प्रांगण में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर एवं वर वधु को आशीर्वाद देने के लिए माननीया श्रीमती कृष्णा गौर जी मंत्री पिछड़ा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल की गरिमामयी उपस्थित में सम्पन्न हुआ! सामूहिक विवाह सम्मेलन सभी जाति वर्ग के युवा/युवतियों का था. जिनके विवाह उपरांत दिनांक 7 मार्च 2024 को विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र का वितरण कार्यक्रम नव युगलों का आयोजित है, जिसका कार्यक्रम इस प्रकार का है, सबसे पहले संत रविदास जी की पूजा अरदास और आरती, 10 बजे, वर वधु कार्य स्वागत कर पंजीयन प्रमाण पत्र देना 11 बजे, संगीत कला व सांस्कृतिक कार्यक्रम 11ः 30 बजे, अतिथिगणों का आगमन और उनके द्वारा गुरु रविदास जी कार्य पूजन, 12 बजे, अतिथि स्वागत व उनके द्वारा




उदबोद्न 12ः 30 बजे, कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित वर वधु एवं अतिथि जनों का सामूहिक भोज 1 बजे से 2 बजे, अंत में आभार प्रकट कार्यक्रम व संस्थान की आगामी कार्य योजना तैयार करना, प्रति वर्ष के तहत संस्थान बहुत ही सराहनीय कार्यक्रम निरंतर कर समाज कल्याण के लिए समर्पित है, देश की पहली संस्थान है जिसने अहिरवार समाज में जन्में रविदासी समाज के गौरव महान क्रांतिकारी वीर सपूत मनीराम अहिरवार जीवन के उत्तराधिकारी श्री मूलचन्द मेधोनिया जी को संत रविदास गौरव रत्न अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया है, शहीद परिवार के सम्मान उपरांत संस्थान द्वारा बहुत बड़ा फैसला लिया है, की शहीद मनीराम जी की जन्म भूमि पर मूर्ति, पार्क बनवाने की पहल की जा रही है, जो की इतिहास में सदा अमर रहेगी, इस महान कार्य के लिए संस्थान एवं गुरु रविदास विश्व महापीठ का शहीद परिवार ह्रदय से सदैव आभारी हैं, विवाह के बंधनों मे जुड़े सभी नव युगलों के उज्वल भविष्य की मंगलमय शुभकामनाएं व शहीद परिवार की ओर से कोटि कोटि बधाइयाँ।



### छल

शासक वर्ग सदियों शोषितों
को छलता आया है ।
हमें आपस में लड़ाकर हक
हमारा ही खाया है ।

1

वंचित वर्ग के प्रतिनिधियों
को वे मुट्ठी में रखते हैं ,
बहू मूल्य वोट हासिल कर
वे सत्ता स्वाद चखते हैं,
वर्षों से उनके षड्यंत्रो को
बहुजन समझ ना पाया है
शासक वर्ग सदियों शोषितों
को छलता आया है ।

2

जनता को गुमराह करने
गरीबी रेखा का आड़ लिया,
भारत के गरीबों को उन्होंने
नजदीक से जैसे ताड़ लिया,
अन्य वस्तुओं की बढती कीमत
को लोगों ने भुलाया है ,
शासक वर्ग सदियों शोषितों
को छलता आया है ।

3

सबका साथ सबका विकास
की गारंटी देने वालों,
धर्म और जाति की पुलिंदा
बांध वोट लेने वालों,
ई वी एम का चक्र चलाकर
तुमने सत्ता पाया है,
शासक वर्ग सदियों शोषितों
को छलता आया है।

4

बैलट पेपर में चुनाव कराने
से तुम क्यो डरते हो,
सच्चाई सामने ना आ जाए
इसलिए सबसे लड़ते हो,
प्रजातंत्र के चौथे स्तभ को
तुमने गुलाम बनाया है।
शासक वर्ग सदियों से शोषितों
को छलता आया है,
हमे आपस में लड़ाकर हक
हमारा खाया है।

**हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**
**छत्तीसगढ़**

# रतनपुर की खुशियों की दास्तां- रस्सी से पानी खींचकर ममता बामने के हाथों में आ जाते थे छाले

**बैतूल।** जिला मुख्यालय से लगभग 70 किमी दूरी छोटी परंतु साफ-सुथरी बसाहट भीमपुर विकासखंड का रतनपुर गांव। जंगलों के बीच बसे इस गांव में अंदर की जमीन पथरीली होने के कारण हमेशा पेयजल की परेशानी रही। महिलाओं को बसाहट से दूर स्थित कुएं से पीने का पानी लाना पड़ता था। गहरे कुएं से रस्सी से पानी खींचना दुश्वर कार्य, फिर सिर पर बर्तन ढोना। जल जीवन मिशन अंतर्गत तैयार नल-जल योजना ने यहां रहवासियों की तकदीर बदली। यहां 9400 मीटर लंबी पाइन लाइन से 356 नल कनेक्शन दिए जाकर घर-घर जल पहुंचाया जा रहा है। गांव की निवासी महिला श्रीमती ममता बामने बताती है कि पहले दूर से कुएं से सिर पर पानी भर कर लाती थी। कई बार पांव भी फिसल जाने थे, जिससे चोट भी लगती थी। रस्सी से पानी खींचने से कभी-कभी तो हाथों में छाले भी आ जाते थे। गांव के एकमात्र हैंडपंप पर भीड़ रहती थी और उसका पानी भी खत्म हो जाता था। गांव में पेयजल की समस्या को देखते हुए लोग अपनी बेटियों का ब्याह करने तैयार नहीं



होते थे। वे बताती हैं कि इनकी शादी के समय भी यह बात सामने आई थी कि बेटी को सिर पर पानी ढोना पड़ेगा। गांव में नल-जल योजना प्रारंभ होने से हर घर में पानी पहुंच रहा है और सभी को सुकून है। वे उम्मीद रखती हैं कि अब कोई व्यक्ति इस गांव में अपनी बेटी ब्याहने से नहीं झिझकेगा। गांव के ही सफेद दाड़ी वाले बुजुर्ग श्री श्यामलाल उइके उनके गांव में नल जल योजना प्रारंभ होने से खुश हैं। वे बताते हैं कि कभी रात में पानी खत्म हो जाता था तो कुएं से खींच कर लाना बहुत मुश्किल होता था। अब उनके घर ही पर्याप्त पानी आ रहा है। गांव की महिलाओं को पानी सिर पर लाने की परेशानी समाप्त हुई है। अब उनके घर कोई मेहमान आ जाते हैं तो बिल्कुल दिक्कत नहीं होती।

# गांधीसागर समूह जलप्रदाय योजना से हर घर नल से मिलेगा जल-श्री चौहान

**नीमच।** जल जीवन मिशन अंतर्गत गांधी सागर-2 समूह जल प्रदाय योजना के संबंध में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिंह चौहान के मुख?य आतिथ?य, जिला कलेक्टर श्री दिनेश जैन की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत सीईओ गुरुप्रसाद एवं महाप्रबंधक जितेन्द्रसिंह राणावत , विकास प्रबंधक विजय बारेवार के आतिथ्य में गुरुवार को मप्र टूरिस्ट मोटल कनावटी में मप्र जल निगम की सहयोगी क्रियान्वयन सहायक संस्था कम्युनिटी एक्शन थ्रू मोटिवेशन प्रोग्राम (कैम्प) के माध्यम से आयोजित की गई। जिला प्रशासन के सभी विभागो के साथ आपसी समन्वयन एवं सहयोग से योजना के कार्यों को समयावधि में पूर्ण करने, सहभागिता सुनिश्चित करने के उददेश?य से यह कार्यशाला आयोजित की गई। मध्य प्रदेश जल निगम परियोजना क्रियान्वयन ईकाई नीमच प्रबंधक विजय बारेवार, डिप्टी मैनेजर लोकेश राठौर , कैंप परियोजना प्रबंधक मृदुल खरे , एसक्यू टीम लीडर एम.एच. खान ने अतिथिगणों का स्वागत किया। जिला स्तरीय कार्यशाला में महाप्रबंधक श्री जितेन?द्रसिंह तौमर ने विषय एवं योजना पर संक्षिप्त जानकारी दी गई। तत्पश्चात् जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद ने कार्यशाला में योजना के तकनीकी पहलू एवं सामाजिक पहलू को विस्तार पूर्वक बताया।

# देश में नारी शक्ति हमेशा से सम्मानीय रही है-श्री परिहार

**नीमच।** नीमच 7 मार्च 2024, देश में प्राचीन काल से ही नारी शक्ति? सम्?मानीय रही है। सरकार ने महिलाओं को आरक्षण देकर उनकी स?थानीय संस?थाओं, नगरीय निकायों और शासकीय सेवाओं में भागीदारी को बढाया है। यह बात नीमच विधायक श्री दिलीपसिह परिहार,ने नीमच में अंर्तराष?ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध?या पर आयोजित ''एक भारत साड़ी वॉकथॉन'' के समापन अवसर पर कही। इस मौके पर कलेक?टर श्री दिनेश जैन, एडीएम सुश्री नेहा मीना, न.पा.अध?यक्ष श्रीमती स?वाति चौपड़ा, श्रीमती सुचित्रा परिहार भी मंचासीन थी। कलेक?टर श्री दिनेश जैन ने महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा , कि ''एक भारत साडी वॉकथॉन'' का यह आयोजन अपने उद्देश?यों में सफल रहा है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में बढ़चढ़ कर भागीदारी निभा रही है। अपना योगदान दे रही है। एडीएम सुश्री नेहा मीना ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा, कि महिलाओं का अर्थव?यवस?था में भी महत?वपूर्ण योगदान है। आज हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी नजर आ रही है। उन?होने उपस्थित सभी महिलाओं से देश के विकास में अपना योगदान देने और अपनी जिम?मेदारियों के साथ ही अधिकारों के प्रति जागरूक होने का आव?हान किया। न.पा.अध?यक्ष श्रीमती स?वाति चौपडा ने कहा कि नारी कोमल है, कमजोर नहीं, शक्ति का नाम ही नारी है। नारी के बगैर समाज की कल?पना नहीं की जा सकती है। उन?होने मजबूत इरादों के साथ सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, राजनैतिक आदि सभी क्षेत्रों में आगे आने का भी आव?हान किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने उत?साहपूर्वक नृत?य, व गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा महिला सशक्तिकरण पर आधारित प्रस?तुतियां दी। विधायक श्री दिलीप सिह परिहार एवं एडीएम सुश्री नेहा मीना ने हरी झण?डी दिखाकर वृहद ''एक भारत साडी वॉकथॉन'' का फोर जीरो चौराहे से शुभारंभ किया।



# अबकी बार चार सौ सीटों के साथ फिर बनेगी मोदी सरकार: शाह

## सत्ता के लिए देश का विभाजन करना चाहती है कांग्रेस: गृह मंत्री

उदयपुर,

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस को परिवारवादी पार्टी होने के साथ एक दिशाविहीन पार्टी बताते हुए कहा कि वह सत्ता के लिए देश का विभाजन करना चाहती है लेकिन मोदी सरकार के दस साल-भारत के गौरव, गरीब कल्याण और देश के उत्कर्ष के दस साल के कारण अबकी बार चार सौ सीटों के साथ देश में फिर मोदी सरकार बनेगी।

शाह ने मंगलवार को यहां आयोजित "कार्यकर्ता सम्मेलन" में कार्यकर्ताओं एवं जनता को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर यह आरोप लगाते हुए यह दावा किया।




उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल के लिए, उसकी पार्टी के कार्यकर्ता सबसे महत्वपूर्ण अंग होते हैं और भाजपा के कार्यकर्ता देश के हर घर तक कमल पहुंचाने में सक्षम हैं। उन्होंने राजस्थान की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि वर्ष 2014 में राजस्थान की जनता ने प्रदेश की सभी लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में डाल दी थी। इसके बाद वर्ष 2019 में भी राजस्थान के लोगों ने सभी लोकसभा सीटों पर भाजपा को प्रचंड जीत दी। और अभी कुछ समय पहले राजस्थान विधानसभा चुनाव में भी श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा की सरकार का गठन हुआ है।

# राममंदिर में पिछड़े, दलित, आदिवासी नहीं अम्बानी-अडानी दिखते हैं: राहुल

रायबरेली,

भारत जोड़ो न्याय यात्रा में मंगलवार को मां सोनिया गांधी के संसदीय क्षेत्र पहुंचे राहुल गांधी ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर खूब हमला किया।शहर के सुपर मार्केट में सभा के दौरान उन्होंने कहा कि राममंदिर में पिछड़ा, दलित, आदिवासी नहीं मोदी, अम्बानी, अडानी ही दिखेंगें, क्योंकि आपकी जगह सड़कों पर भीख मांगने की है।

राहुल गांधी ने कहा कि आपका काम हिंदुस्तान में सड़क पर जाकर ऐसे पोस्टर दिखाने का है। उनका काम पैसा गिनने का है। आप के



बच्चे जीएसटी देते हैं। आपको अपने हक के लिए जातीय जनगणना के लिए आगे आना होगा।

राहुल गांधी ने इससे पहले पोस्टर दिखा रहे युवक को अपने पास बुलाया और नाम पूछा। उन्होंने कहा कि किस जाति से आते हो। पोस्टर की ओर इशारा करते हुए कहा कि इसमें लिखे ओबीसी और एससी का मतलब जानते हों। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत आबादी ओबीसी की है। 15 प्रतिशत आबादी एससी और आठ प्रतिशत आदिवासियों की आबादी है। कुल 73 प्रतिशत हो। इसके बावजूद पोस्टर लेकर घूम रहे हो। हमारा काम 73 प्रतिशत का काम आपके भविष्य को बनाने का है। आपको 24 घंटे धमकाया जाता है। रास्ते बंद किए जाते हैं। देश में 200 बड़ी कंपनियां हैं। किसी कंपनी का मालिक ओबीसी, एसी और आदिवासी नहीं है।

## बदायूं से धर्मेंद्र नहीं, अब शिवपाल यादव लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने उत्तर प्रदेश में पांच उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी है। सपा ने बदायूँ में धर्मेन्द्र यादव की जगह शिवपाल यादव को उम्मीदवार बनाया है। सपा ने जिन पांच उम्मीदवारों की सूची को जारी किया है उसमें बदायूं से शिवपाल सिंह यादव के अलावा कैराना से एकरा हसन, बरेली से प्रवीण सिंह एरन, हमीरपुर से राजेंद्र सिंह राजपूत और वाराणसी से सुरेंद्र सिंह पटेल है। वाराणसी से उम्मीदवार का ऐलान कर अखिलेश यादव ने कांग्रेस को सख्त संदेश दे दिया है कि सीट बंटवारे को लेकर आप निर्णय लीजिए अन्यथा हम अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी कर चुके हैं।

# कोल्ड चेन हैंडलर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



विदिशा। जिले के समस्त कोल्ड चेन पॉइंट पर कार्यरत गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को लगाए जाने वाले टीकों का रख रखाव करने वाले कोल्ड चेन हैंडलर का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज गुरुवार को संपन्न हुआ। जिला स्तरीय कोल्ड चेन हैंडलर मॉड्यूल्स का बुधवार 7 फरवरी से विदिशा में आयोजित प्रशिक्षण के समापन पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। समापन अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी द्वारा समस्त कोल्ड चेन हैंडलर एवं लिंक पर्सन को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अपनी सूझबूझ से कार्य करें, जीवन रक्षक टीके एवं उपकरण सुरक्षित रहे जिससे हितग्राहियों का सुरक्षित टीकाकरण किया जा सके। विदिशा में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर डीके शर्मा तथा मास्टर ट्रेनर श्री बी एस दांगी, श्री राजेश अहिरवार, श्री जीवन राम चंदेल, श्री हरिओम वर्मा एवं श्री नीरज शर्मा प्रशिक्षण प्रदाय किया गया है।

# राजनैतिक दलो की बैठक सम्पन्न



विदिशा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन उपरांत राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के पदाधिकारियो की बैठक आयोजित की गई थी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर भार्गव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त पदाधिकारियों को विधानसभा निर्वाचन तैयारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री भार्गव ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए जारी अंतिम मतदाता सूची अनुसार जिले की पांचो विधानसभाओं की कुल मतदाता संख्या 1101568 मतदाता 1338 मतदान केन्द्रो पर मतो का प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने मतदाता सूची अंतिम प्रकाशन के पूर्व फार्म 6, 7, 8 के तहत संपादित कार्यो की बिन्दुवार जानकारी दी। कलेक्टर श्री भार्गव ने बताया कि विदिशा संसदीय क्षेत्र के लिए रायसेन कलेक्टर नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करेंगे वहीं सागर संसदीय क्षेत्र के लिए सागर कलेक्टर के द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन के लिए जिले की पांचो विधानसभाओं में किए गए प्रबंधो का हू-ब-हू क्रियान्वयन लोकसभा निर्वाचन के दौरान किया जाएगा। उन्होंने सामग्री वितरण, स्ट्रांगरूम व मतगणना के कार्य स्थलों में भी कोई परिवर्तन नहीं किया गया है से भी अवगत कराया।

# आतंकी पन्नू ने रांची टेस्ट रद्द कराने की दी धमकी

- सुरक्षा की गई कड़ी
- रांची में एफआईआर दर्ज
- भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और इंग्लैंड टीम के कप्तान बेन स्टोक्स को भी धमकी दी

**रांची।**

झारखंड की राजधानी रांची में भारत-इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट से पहले खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने मैच रद्द कर इंग्लैंड की टीम को लौट जाने की धमकी दी है। उसने इसे लेकर झारखंड के नक्सलियों को उकसाया है। पन्नू ने कहा है कि भारत और इंग्लैंड के रांची में होने वाले मैच को अविलंब रद्द करवाएं।

इस मामले में मंगलवार को रांची के धुर्वा थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। उसने नक्सलियों के नाम जारी वीडियो में कहा है कि रांची का जेएससीए स्टेडियम आदिवासियों की जमीन पर बना है। आदिवासियों की जमीन पर मैच नहीं होना चाहिए। पन्नू



ने यूट्यूब पर यह वीडियो जारी किया है। उसने माओवादियों से कहा है कि रांची में होने वाले टेस्ट मैच को रद्द कराने के लिए झारखंड और पंजाब में उत्पात मचा देना चाहिए। पन्नू ने यूट्यूब के जरिए भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और इंग्लैंड टीम के कप्तान बेन स्टोक्स को भी धमकी दी है।

इंग्लिश कप्तान से तो उसने यह भी कहा कि वह भारत दौरा रद्द करें और टीम लेकर वापस लौटें। पन्नू की धमकी मिलने के बाद झारखंड पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। स्टेडियम से लेकर होटल तक सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जा रहे हैं। एयरपोर्ट से होटल तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। एयरपोर्ट को भी सुरक्षा घेरे में लिया गया है।

# अब पाकिस्तान नहीं जाएगा रावी का पानी

**योजना**

- इस पानी से घाटी में होगी सिंचाई

जम्मू,

अब पाकिस्तान को जाने वाला रावी नदी का 12 हजार क्यूसेक (प्रति वर्ष) पानी बंद हो जाएगा। इस पानी से अब जम्मू-कश्मीर और पंजाब की 37 हजार हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हो सकेगी।



शाहपुरकंडी बांध परियोजना का काम आखिरकार 29 साल बाद पूरा हो गया। बुधवार रात से झील में जल भंडारण का काम शुरू कर दिया गया है। अब पाकिस्तान को जाने वाला रावी नदी का 12 हजार क्यूसेक (प्रति वर्ष) पानी बंद हो जाएगा। इस पानी से अब जम्मू-कश्मीर और पंजाब की 37 हजार हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हो सकेगी। इसमें से 32 हजार हेक्टेयर जम्मू-कश्मीर में ही है। इससे कठुआ-सांबा के कंडी क्षेत्र के किसानों को सबसे अधिक फायदा मिलेगा। बता दें कि रणजीत सागर बांध परियोजना से पहले दिन 2300 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। 14 जनवरी की रात 10 बजे से रणजीत सागर बांध परियोजना में बिजली उत्पादन रोका गया था, क्योंकि, शाहपुरकंडी बांध के दस सेल्यूस अंडर वाटर वॉल्व बंद करने की प्रक्रिया को गत दिवस पूरी कर शाहपुरकंडी बांध की झील में पानी भरने का कार्य शुरू कर दिया गया है। पहली रात बैराज बांध की झील में तीन मीटर पानी आया है। बता दें शाहपुरकंडी बांध पर रावी कैनाल का कुछ काम बाकी है। झील में पानी भरने तक नहर का काम पूरा कर लिया जाएगा।

इसके बाद कठुआ और सांबा को रोजाना 1150 क्यूसेक पानी मिलेगा, इससे दोनों जिलों में 32173 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। परियोजना पर करीब 2,793 करोड़ रुपये लागत आई है। इससे 206 मेगावाट बिजली उत्पादन का भी लक्ष्य है। अक्तूबर 2025 तक पावर हाउस बनकर तैयार होंगे और जम्मू-कश्मीर को अपने हिस्से की बिजली भी मिल पाएगी। शाहपुरकंडी बांध को रणजीत सागर डैम से 11 किलोमीटर डाउनस्ट्रीम और माधोपुर हाइडल से आठ किमी. अपस्ट्रीम पर बनाया गया है। अब इस पानी को रोका जाना है, बांध बनकर तैयार है। भंडारण का कार्य शुरू होने के बाद यहां एक कृत्रिम झील आकार ले लेगी और उसके बाद इससे रावी-तवी नहर से खेतों तक यह पानी पहुंचाया जाएगा। इससे कठुआ, हीरानगर व सांबा की बंजर हो रही जमीन सिंचित होगी और खेतों में भी हरियाली आएगी। दरअसल स्कीम 1964 में तैयार कर भारत सरकार के सुपुर्द की गई थी। जनवरी 1979 में थीन डैम (अब रणजीत सागर डैम) और पावर प्लांट स्कीम के बारे में पंजाब व जम्मू-कश्मीर के बीच समझौता हुआ था।

## दुष्कर्म के मामले में बिल्डर और फिल्म डायरेक्टर मनोज राजपूत गिरफ्तार

दुर्ग-भिलाई, । आपको बता दें कि मनोज राजपूत जो कि बिल्डर, छग फ़िल्म निर्माता और अभिनेता है उसने छत्तीसगढ़ी फिल्म में लीड रोल किया था। इसके आलावा आरोपी मनोज ने गांव के जीरो शहर मा हीरो फिल्म में बतौर अभिनेता काम भी किया है। एक मशहूर बिल्डर और छत्तीसगढी फिल्मों के अभिनेता निर्माता मनोज राजपूत के खिलाफ दुष्कर्म और पास्को का मामला जीआरपी भिलाई-3 थाने में दर्ज हुआ है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मनोज राजपूत के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपनी ही कजन के साथ लगातार 12 साल तक शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देता रहा। भरोसे और विश्वास के रिश्ते को आरोपी ने तार- तार कर दिया है। जीआरपी भिलाई तीन दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट जैसी गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# 21 फरवरी को वंदिता राणा ने संभाला था सिरोही SP का पदभार

**पदभार**

- अगले दिन हटाया, अनिल कुमार होंगे नए कप्तान

सिरोही,

बीते 21 फरवरी को वंदिता राणा ने सिरोही पुलिस अधीक्षक का पदभार संभाला था और उन्हें अगले दिन हटा दिया गया। ऐसे में अब अनिल कुमार सिरोही के नए एसपी होंगे। उधर, जिले में 13 इंस्पेक्टरों एवं 11 सब-इंस्पेक्टरों का ट्रांसफर भी हुआ है।




सिरोही जिले में गत 21 फरवरी को जिला पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभालने वाली वंदिता राणा को राज्य सरकार द्वारा अगले ही दिन 22 फरवरी को हटा दिया गया। अब उनकी जगह अनिल कुमार को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मामले में संयुक्त शासन सचिव कनिष्क कटारिया द्वारा 22 फरवरी 2024 को जारी किए गए आदेश में 24 पुलिस अधीक्षकों को स्थानांतरित किया गया है। उधर, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा द्वारा जिले में 13 इंस्पेक्टरों एवं 11 सब इंस्पेक्टरों को भी इधर-उधर किया गया है।

सिरोही में गत 21 फरवरी को जिला पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभालने वाली वंदिता राणा को राज्य सरकार द्वारा महज एक दिन में हटा दिया गया। अब उनकी जगह अनिल कुमार को यह जिम्मेवारी सौंपी गई है। उधर, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा द्वारा जिले में 13 इंस्पेक्टरों एवं 11 सब- इंस्पेक्टरों को भी इधर-उधर किया गया है। संयुक्त शासन सचिव कनिष्क कटारिया द्वारा 22 फरवरी 2024 को जारी किए गए आदेश में 24 पुलिस अधीक्षकों को स्थानांतरित किया गया है। इसमें सिरोही पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा को कोटपुतली, बहरोड़ लगाया गया है। जबकि बहरोड़ पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार को उनके स्थान पर सिरोही पुलिस अधीक्षक लगाया गया है।

# माता-पिता का खूनी खेल, मां ने बेटे को पानी के टैंक में लटकाया

राजस्थान,

राजस्थान में एक सौतेली मां ने आठ साल के बेटे की हत्या कर दी। उसने बच्चे को पानी के टैंक के टैंक में डुबो कर मार दिया। इस हत्याकांड में बच्चे का पिता भी शामिल था। उसने पत्नी को बेटे को मारने की खुली छूट दी थी।

आठ साल के यश की मां की मौत कई साल पहले हो गई। कुछ साल बाद उसके पिता ने दूसरी शादी कर ली। मासूम यश को दूसरी मां मिल गई, लेकिन उस सौतेली मां का व्यवहार उसे पसंद नहीं आया। इसे लेकर वह अपने पिता के शिकायत करता था, जिससे पति-पत्नी के बीच लड़ाई झगड़े होते थे और यही झगड़े मासूम यश की मौत की वजह बन गए। पति ने पत्नी से कह दिया कि उसे (यश) मार दे, बाकी मैं देख लूंगा। दोनों पति-पत्नी ने मिलकर मासूम की हत्या की योजना बनाई। सौतेली मां ने मासूम यश को पानी से भरे टैंक में उलटा लटकाया और तब तक लटकाए रखा जब तक वह मर नहीं गिया। इस दिल झकझोर देने वाले हत्याकांड में पुलिस ने आरोपी माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया है। जल्लाद बेटे की हैवानियत, लकड़ी की तरह कुल्हाड़ी से काटा पिता का गला, मां लगाती रही राख, पढ़ने के लिए यहां क्लिक करें

दरअसल, यह दिल दहला देने वाला मामला डीग जिले के सदर थाना क्षेत्र के बरौली चौथ गांव का है। मृतक यश के मामा संतोष सिंह ने थाने में भांजे की हत्या का केस दर्ज कराया था।

अपनी शिकायत में उसने सौतेली मां रमा और पिता दीवान सिंह पर यश की हत्या करने का आरोप लगाया था। हत्या के बाद से आरोपी मां फरार थी। जिसकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम का गठन किया गया था। हत्याकांड के 24 घंटे में पुलिस ने आरोपी मां को आगरा से गिरफ्तार किया।

### जम्मू की एक विशेष अदालत में इस मामले में आरोपियों की संख्या बढ़कर 18 हुई

# 3 आतंकवादियों समेत 6 पर आरोप पत्र दायर

जम्मू,

राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने नार्को-टेरर फंडिंग के मामले में पाकिस्तान स्थित हिजबुल मुजाहिदीन के तीन आतंकवादियों सहित छह आरोपियों के खिलाफ चौथा पूरक आरोप पत्र दायर किया है। जम्मू में एक विशेष अदालत में ताजा आरोपपत्र दाखिल होने के साथ ही मामले में आरोपियों की संख्या 18 हो गई है। आरोपियों में पुलिसकर्मी सैफ दीन भी शामिल है जिसे पिछले साल दिसंबर में गिरफ्तार किया गया था।

**अप्रैल 2022 में सीमा पार आतंकी सिंडिकेट का हुआ भंडाफोड़:** अप्रैल 2022 में एसआईए ने सीमा पार आतंकी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया था। पूर्व मंत्री एवं नेचर-मैनकाइंड फ्रेंडली पार्टी के अध्यक्ष जतिंदर सिंह से जुड़े हवाला मामले की जांच के बाद 11 अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया था और आरोप पत्र दायर किया गया था। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, नारकोटिक ड्रग साइकोट्रोपिक पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत नवीनतम पूरक आरोप दायर किया गया है।




आरोप पत्र सैफू दीन, मोहम्मद शरीफ चेची और फारूक अहमद जंगल के साथ ही पाकिस्तान स्थित हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादी हमीदुल्ला खुरू, फारूक अहमद शॉल और जावेद अहमद चलकू के खिलाफ दायर किया गया है। मोहम्मद शरीफ चेची और फारूक अहमद जंगल को एसआईए ने पिछले साल अगस्त और दिसंबर में गिरफ्तार किया था।

अधिकारी ने कहा कि आरोपी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) से उड़ी, हथलंगा, बारामुला में हेरोइन की तस्करी में शामिल थे और जम्मू में प्रतिबंधित पदार्थ हिज्बुल मुजाहिदीन के ओवर ग्राउंड वर्कर्स तक पहुंचाने के लिए भारी मात्रा में आय अर्जित करने के लिए तस्करी में शामिल थे।

अधिकारी ने कहा कि इन पैसों को भारत की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा को चुनौती देने के लिए राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों और अन्य आतंकवादी कृत्यों को बढ़ावा देने के लिए बैंकों में जमा किया गया था।

**70 लाख रुपये से अधिक किए फ्रीजः** उधर, एसआईए जम्मू ने 10 लाख रुपये जब्त किए हैं और बैंक खातों में 70 लाख रुपये से अधिक जमा कर दिए हैं, जो सीमा पार से तस्करी किए गए नशीले पदार्थों से प्राप्त की गई आय थी। साथ ही कानून की संबंधित धाराओं के तहत आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि एसआईए जम्मू ने 10 लाख रुपये जब्त किए हैं और बैंक खातों में 70 लाख रुपये से अधिक फ्रीज कर दिए हैं, जो सीमा पार से तस्करी किए गए नशीले पदार्थों से प्राप्त की गई आय थी। साथ ही कानून की संबंधित धाराओं के तहत आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। अधिकारी ने कहा कि जांच से पता चला कि एक सुव्यवस्थित ड्रग सिंडिकेट था, जिसमें फारूक अहमद नाइकू, जो दुबई से काम कर रहा था, मोहम्मद रफीक नजर, मुबाशिर मुश्ताक फाफू, ऐनाज अहमद सयाम, चेची, जंगल और दीन शामिल थे। उन्होंने कहा, आरोपियों ने धन जुटाने के लिए जम्मू-कश्मीर में नशीले पदार्थ लाने के लिए पाकिस्तान से सक्रिय एचएम आतंकवादियों के साथ साजिश रची।

# विपक्ष के हंगामे के बीच शुरू हुआ विस का सत्र

झारखण्ड,

बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होकर दो मार्च तक चलेगा। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायक 28 जनवरी को हुए पर्चा लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गए।

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो गया। बजट सत्र के पहले दिन की शुरुआत काफी हंगामेदार रही। झारखंड स्टाफ सर्विस कमीशन कॉमन ग्रेजुएट लेवल एग्जाम 2023 के पेपर लीक की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर हंगामा किया। विपक्ष के हंगामे के बीच, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने सदन में 4,981 करोड़ रुपये का तीसरा अनुपूरक बजट पेश किया। बता दें, बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होकर दो मार्च तक चलेगा। सात दिवसीय विधानसभा सत्र के लिए सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायक और आजसू विधायक लंबोदर महतो 28 जनवरी को हुए जेएसएससी संयुक्त स्नातक स्तर (सीजीएल) परीक्षा का पर्चा लीक होने के मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गए। बता दें, इस मामले में राज्य सरकार ने जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है।


**विधायक विरोध कर रहे**

विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने हंगामा कर रहे विधायकों से अपनी सीटों पर वापस जाने का अनुरोध किया। साथ ही कहा कि इन मुद्दों को सत्र के दौरान लिया जाएगा। हालांकि, विधायक विरोध करते रहे। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि राज्य सरकार नौकरी की परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए कानून लाई थी।

# झुर्रियों वाली त्वचा के लिए रेटिनॉल है अमृत समान

लाइफस्टाइल और खानपान में आए बदलाव की वजह से लोगों की स्किन पर सबसे जल्दी बूरा प्रभाव पड़ता है। जिससे कम उम्र में ही स्किन लटकने लगती है और चेहरे पर झुर्रियां आने लगती हैं। झुर्रियों की वजह से कम उम्र में ही लोग 40 से 45 साल के नज़र आने लगते हैं।

ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से गुज़र रहे हैं तो अपनी स्किन को टाइट करने और एजिंग से बचाव करने के लिए रेटिनॉल का इस्तेमाल करें। रेटिनॉल स्किन के लिए किसी अमृत से कम नहीं है। यह फ्री रेडिकल्स से लड़ने, त्वचा की बनावट को निखारने और झुर्रियों को दूर करने के लिए जाना जाता है। मार्केट में ऐसे कई रेटिनॉल क्रीम और प्रोडक्ट पाए जाते हैं जिनमें रेटिनॉल होता है लेकिन आप चाहे तो घर पर ही रेटिनॉल बना सकते





हैं। चलिए हम आपको बताते हैं कैसे?

**रेटिनॉल क्या है?**

रेटिनॉल इलास्टिन और कोलेजन के प्रोडक्शन को बढ़ाता है जिससे स्किन की बनावट बेहतर होती है और झुर्रियों की समस्या भी कम होती है। रेटिनॉलएक घुलनशील विटामिन है, जो अंडे, शकरकंद और गाजर में पाया जाता है। इसे आपकी इसका इस्तेमाल कई सारी स्किन केयर प्रोडक्ट्स में होता है।

**ऐसे बनाएं रेटिनॉल फेस मास्क**

घर पर रेटिनल फेस मास्क बनाने के लिए सबसे पहले कुछ गुलाब की पंखुड़ियां लें। उन्हें अलग-अलग करें। अब इन गुलाब की पंखुड़ियों को आधे कप दूध में ग्राइंडर में बारीक पीस लें। एकदम बारीक पीसने पर इसका कलर बदल जायेगा और वह लैवेंडर कलर में परिवर्तित हो जाएगा।

अब इस पेस्ट को एक बाउल में निकालें। अब इस पेस्ट में आधा चम्मच शहद मिलाएं। आपका देसी रेटिनॉल तैयार है। अब इस पेस्ट को अपने स्किन पर हफ्ते में 3 बार लगाएं। 15 से 20 मिनट के बाद इसे साफ़ पानी से धोएं। यह पेस्ट अंत एजिंग पेस्ट है इसे लगाने से आपकी स्किन की बनावट बेहतर होगी और झुर्रियों का आना कम होगा।

# कुछ सामान्य खूबियां आपको बनाती हैं मेंटली स्ट्रांग

कई बार हम सबके जीवन में कुछ इस तरह के हालात पैदा हो जाते हैं कि इंसान टूटकर बिखर जाता है तो वहीं कुछ लोग ऐसी स्थिति में और भी मजबूती से सामने खड़े होने की हिम्मत आ जाती हैं।

यह मजबूती से खड़े होने की हिम्मत ही धीरे धीरे हमारे सोचने के तरीकों को परिपक्व बनाती है और हम हर हालात का निडरता से सामना करना सीख जाते हैं। दरअसल यह परिपक्वता ही मानसिक मजबूती की पहचान होती है।

**पॉज़िटिव थिंकिंग:** जो लोग मेंटली स्ट्रांग होते हैं उनकी सबसे बड़ी खासियत होती है उनकी सोच। ऐसे लोग कभी नकारात्मक लोगों और बातों पर ध्यान नहीं देते हैं। वो अपने लक्ष्य पर ध्यान देते हैं और हमेशा अपने और दूसरों के बारे में पॉजिटिव सोचते हैं।

**तनाव कम लें:** जिन लोगों की मानसिकता मजबूत होती है वो लोग मुश्किल से मुश्किल परिस्थिति में भी तनाव नहीं लेते हैं। बल्कि सिचुवेशन का सामना करते हैं और डटकर उसका मुकाबला करते हैं। जहां आपने तनाव लेना शुरू किए वहीं आप कमजोर पड़ने लगते हैं।

**गलतियों को न दोहराएं:** मेंटली स्ट्रांग लोग कभी भी एक बार की हुई गलती को दोबारा नहीं दोहराते हैं। ऐसे लोग अगर एक बार गलती कर दें तो उससे सीख लेते हैं और आगे अपने काम और ज़िन्दिगी में इस बात का हमेशा ध्यान रखते हैं कि उस तरह की गलती फिर से न हों।

**हार स्वीकारें:** दिमाग से मजबूत लोग अपनी हार को स्वीकारते हैं न कि हारने पर उसका दोष दूसरे लोगों के सिर पर मढ़ते हैं। हार स्वीकार करने से इंसान की काबिलियत कम नहीं होती बल्कि उसका काम और वो और भी निखर कर सामने आता है।


**रिस्क लेने से नहीं डरना:** मेंटली स्ट्रांग लोग कभी भी रिस्क लेने से नहीं डरते हैं। भले ही पिछली बार वो हारें हों, असफल हुए हों लेकिन उसके बाद भी ये लोग रिस्क लेने से डरते या कतराते नहीं हैं।

**हर हाल में रहते हैं खुशः** जो लोग मेंटली स्ट्रांग होते हैं उनकी सबसे बड़ी खासियत होती है कि वे हर हाल में खुश रहते हैं। जीवन में कितने भी दुःख और तक़लीफ़ आये वो मुस्कुराना नहीं भूलते हैं।



# South India घूमें बिना अधूरा है भारत भ्रमण!

साउथ इंडिया का आप शौक रखते हैं तो आपको इन जगहों पर जरूर जाना चाहिए। दरअसल, ये जगह कुछ खास हैं और यहां घूमने के बाद आप बहुत शांत और बेहतर महसूस करेंगे। दरअसल, हम बात साउथ इंडिया के तीन सबसे खूबसूरत जगहों की कर रहे हैं जहां दुनियाभर से लोग घुमने आते हैं। यहां कि प्रकृति, वन्यजीव और पेड़-पक्षियों को देखकर आप बेहतर महसूस करेंगे। तो, आप साउथ इंडिया में इन जगहों पर घुमने जा सकते हैं जो कि अपनी खूबसूरती के लिए फेमस है।



तो, जानते हैं कौन सी हैं ये जगहें।

**1. कूर्ग**

कर्नाटक के कोडागु क्षेत्र में पड़ता है कूर्ग (coorg) जो कि अपनी आकर्षक पहाड़ी इलाके के लिए जाना जाता है। ये बैंगलोर और मैसूर से ज्यादा दूर नहीं है और अपने भरपूर कॉफी बागानों के लिए प्रसिद्ध है। घने पहाड़ों से घिरा और धुंध से भरा हुआ कूर्ग प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग है। कूर्ग में घूमने के लिए बहुत कुछ है। यहां झरने, तिब्बती बस्तियां, बौद्ध मठ और कई प्रकार से पार्क हैं जहां आप घूमकर आ सकते हैं।

**2. मुन्नार**

दक्षिण भारत का प्रसिद्ध हिल स्टेशन मुन्नार (munnar) एक रोमांटिक स्थान है जहां घूमने और आनंद लेने के लिए हर जगह प्राकृतिक सुंदरता है। मुन्नार तीन पर्वतीय नदियों - मुथिरापुझा, नल्लाथन्नी और कुंडला के संगम पर स्थित है। समुद्र तल से लगभग 1600 मीटर ऊपर स्थित, यह हिल स्टेशन औपनिवेशिक युग के दौरान ब्रिटिश सरकार का ग्रीष्मकालीन रिसॉर्ट था।

ये आपको रहने के लिए कॉटेज मिल जाएंगे। सवाना के घुमावदार पहाड़ियां, सुंदर घाटियां, असंख्य नदियां, विशाल झरने, विशाल चाय के बागान और घुमावदार रास्ते, ये सभी मुन्नार की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए शानदार छुट्टियों के अनुभव का हिस्सा हैं।

**3. ऊटी**

पूरे वर्ष ठंडी और सुखदायक जलवायु के साथ, ऊटी (ooty) दूर-दूर से पर्यटकों का स्वागत करता है। यह सिर्फ पहाड़ों और पहाड़ियों के बारे में नहीं है, ऊटी उन समझदार यात्रियों को बहुत कुछ प्रदान करता है जो शिखर तक पहुंचने के लिए घुमावदार सड़कों पर चलते हैं।

झीलें, बगीचे, पार्क, चोटियां, झरने और बस अद्भुत आवास विकल्प। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि ऊटी को 'भारत का स्विट्जरलैंड' कहा जाता है। इसके अलावा, आप मेट्टुपालयम से ऊटी तक टॉय ट्रेन की सवारी को मिस नहीं कर सकते, जो भारत में एकमात्र मीटर-गेज, रैक रेलवे है, जो आपको नीलगिरी घुमाएगी।

# लग्जरी सामान बनाने वाली दुनिया की शीर्ष-100 कंपनियों में छह भारतीय, डेलॉय ने जारी की सूची

**कीर्तिमान**

- **'वैश्विक लग्जरी सामान सूची-2023' में 19वें स्थान पर काबिज मालाबार गोल्ड अग्रणी घरेलू कंपनी है।**

मुंबई, एजेंसी

लग्जरी उत्पाद बनाने वाली दुनिया की शीर्ष-100 कंपनियों में छह भारतीय कंपनियां भी अपनी जगह बनाने में कामयाब रही हैं। इन छह कंपनियों में मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स और टाइटन के साथ चार अन्य भारतीय आभूषण निर्माता कंपनियां भी शामिल हैं। डेलॉय की सोमवार को जारी 'वैश्विक लग्जरी सामान सूची-2023' में 19वें स्थान पर काबिज मालाबार गोल्ड अग्रणी घरेलू कंपनी है।

पहली बार इसे सूची में जगह मिली है। टाटा समूह की इकाई टाइटन कंपनी 24वें स्थान पर है। विविध क्षेत्रों में काम करने वाली फ्रांस की लग्जरी कंपनी एलवीएमएच इस सूची में शीर्ष स्थान पर काबिज है। पीवीएच कॉर्प दूसरे और रिचमोंट तीसरे स्थान पर है।

डेलॉय ने रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था जैसे-जैसे बढ़ रही है, उपभोक्ताओं में प्राथमिकताएं विकसित हो रही हैं। देश के लग्जरी बाजार में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी जा रही है, जो घरेलू ब्रांड की वैश्विक पहचान में योगदान दे रही है। देश में लग्जरी उत्पादों की मांग और बढ़ने की उम्मीद है। इससे घरेलू ब्रांड को वैश्विक स्तर पर उभरने के पर्याप्त अवसर मिलेंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया की शीर्ष-100 लग्जरी उत्पाद विक्रेताओं ने 2023 में कुल 347 अरब डॉलर का कारोबार किया। यह सालाना आधार पर 13.4 फीसदी की बढ़ोतरी है। 347 अरब डॉलर के कुल



कारोबार में एलवीएमएच की हिस्सेदारी 31 फीसदी है।

डेलॉय के मुताबिक, लग्जरी उत्पाद बनाने वाली दुनिया की शीर्ष-10 कंपनियों का 63 फीसदी बाजार पर कब्जा है।सालाना आधार पर इनकी बिक्री में 23 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है। शीर्ष-100 कंपनियों के कुल शुद्ध लाभ में इनकी हिस्सेदारी 76.4 फीसदी है।

बैटरी बनाने वाली कंपनी टेस्ला पावर इंडिया अपनी विस्तार योजनाओं के तहत विभिन्न क्षेत्रों में दो हजार से अधिक कर्मचारियों की भर्ती करने की योजना बना रही है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि इस भर्ती अभियान में बिक्री, इंजीनियरिंग, परिचालन, विपणन व समर्थन कार्यों से जुड़े पद शामिल होंगे। इससे युवाओं के लिए नौकरी के पर्याप्त अवसर उपलब्ध होंगे। कंपनी के एमडी कविंदर खुराना ने कहा कि हम भारत में कारोबार विस्तार के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# दिल्ली सरकार ने लोकल इकॉनोमी के लिए उठाया बड़ा कदम

## अब 24 घंटे खुल सकेंगी दुकानें

- **हाल के सालों में मुख्यमंत्री ने दिल्ली में 699 दुकानों और कमर्शियल संस्थानों को दिन के 24 घंटे चालू रहने की अनुमति दी है।**

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राज्य की लोकल इकॉनमी को बढ़ाने के लिए बड़ा फैसला किया है। अब दिल्ली में रिटेल दुकानों को खोलने के पूरे 24 घंटे की अनुमति मिल सकती है। दिल्ली सरकार ने दुकानों और कमर्शियलसंस्थानों को चौबीसों घंटे खुले रहने की इजाजत दे दी है। दिल्ली सरकार ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद इस प्रस्ताव को अब अंतिम मंजूरी के लिए उपराज्यपाल के पास भेजा गया है। जिन भी रिटेलर्स को इसके लिए मंजूरी मिलती है वो 24 घंटे दुकान खोल सकेंगे। मंजूरी पाने वाले सभी संस्थानों को दिल्ली दुकान स्थापना अधिनियम 1954 के प्रावधानों और नियमों का सख्ती से पालन करना होगा। सरकार उनपर कड़ी निगरानी रखेगी ताकि नियमों का उल्लंघन होने पर सख्त कार्रवाई की जा सके। बयान के मुताबिक ये संस्थान कमर्शियल, रिटेल कारोबार और होलसेल केटेगरी से जुड़े हैं। हाल के सालों में मुख्यमंत्री ने दिल्ली में 699 दुकानों और कमर्शियल संस्थानों को दिन के 24 घंटे चालू रहने की अनुमति दी है। दिल्ली सरकार का मानना है कि यह पहल दिल्ली के अंदर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी।

# सरकार पहली बार पांच निजी फर्मों से 26 अरब डॉलर के निवेश की कर रही बात

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत सरकार कॉर्बन उत्सर्जन को कम करने और रिन्यूबल एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए इन दिनों खास जोर दे रही है। इसी तर्ज पर भारत सरकार परमाणु ऊर्जा क्षेत्र (nuclear energy sector) में 26 अरब डॉलर के निवेश को लेकर प्राइवेट कंपनियों से बातचीत कर सकती है। यह जानकारी रॉयटर्स को सरकारी सूत्रों के हवाले से मिली।

सरकार की योजना बिजली उत्पादन को बढ़ाने और उससे होने वाले कार्बन उत्सर्जन को कम करने की है। इसी लक्ष्य के साथ सरकार यह बड़ा निवेश चाहती है। रॉयटर्स ने बताया कि सरकार जिन 5 प्राइवेट फर्मों से बाचत कर रही है उसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज (Reliance Industries), टाटा पावर (Tata Power), अदाणी पावर (Adani Power) और वेदांत लिमिटेड (Vedanta Ltd.) शामिल हैं। रॉयटर्स को सरकारी सूत्रों ने यह भी बताया कि सरकार चाहती है कि सभी प्राइवेट कंपनियां 44,000 करोड़ रुपये के करीब का निवेश करें सूत्रों ने कहा कि संघीय परमाणु ऊर्जा विभाग (Department of Atomic Energy) और सरकार द्वारा संचालित न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (Nuclear Power Corp of India Ltd-NPCIL) ने निवेश योजना पर पिछले साल प्राइवेट कंपनियों के साथ कई दौर की चर्चा की है।ऐसा पहली बार हो रहा है कि भारत परमाणु ऊर्जा (nuclear power) में प्राइवेट निवेश आमंत्रित कर रहा है।

# SCSS में मिल रहा 8 .2% सालाना ब्याज

**जानकारी**

- **फिक्स्ड डिपॉजिट पर 7.50% तक इंटरेस्ट, सीनियर सिटीजन के लिए सुरक्षित निवेश के 4 ऑप्शन**

नई दिल्ली, एजेंसी

सीनियर सिटीजन के सामने जब भी बचत की बात आती है, वे सुरक्षित बचत योजनाओं को ज्यादा तवज्जो देते हैं। ज्यादातर लोग अपने बचाए पैसे को ऐसे इन्वेस्टमेंट ऑप्शन में लगाना चाहते हैं, जिससे रेगुलर इनकम मिल सके और पैसे भी सेफ रहे।सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम (SCSS) में केवल 1000 में अकाउंट ओपन किया जा सकता है। इसमें मैक्सिमम 30 लाख रुपए तक निवेश कर सकते हैं। फिलहाल इस स्कीम पर 8.2% सालाना ब्याज मिल रहा है। पोस्ट ऑफिस की इस स्कीम में 60 साल से ज्यादा उम्र का कोई भी व्यक्ति निवेश कर सकता है।इसमें कम से कम 5 साल के लिए निवेश किया जा सकता है, लेकिन जरूरत पड़ने पर इसे 3 साल के लिए और एक्सटेंड किया जा सकता है। वहीं, अगर आप 5 साल के पहले अपना अकाउंट बंद करना चाहते हैं तो आप ऐसा कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए आपको पेनल्टी देनी पड़ेगी।



SCSS में सेक्शन 80C के तहत टैक्स छूट का लाभ मिलता है। इस स्कीम के तहत जॉइंट खाता भी खुलवा सकते हैं। ब्याज क्वार्टली मिलता है और अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर व जनवरी के पहले वर्किंग डे को क्रेडिट कर दिया जाता है। डिफेंस से रिटायर हुए 50 साल से अधिक और 60 वर्ष से कम उम्र के लोग कुछ कंडीशन के साथ इस योजना में निवेश कर सकते हैं।

अगर आप बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) में पैसा लगाते हैं, तो यहां भी आपका पैसा सुरक्षित रहता है, साथ ही सामान्य नागरिकों को मिलने वाले ब्याज की तुलना में 0.5% ज्यादा ब्याज मिलता है। अलग-अलग बैंकों की अलग-अलग स्कीम में आप 7 दिन से 10 साल तक के लिए निवेश कर सकते हैं।

पोस्ट ऑफिस मंथली इनकम स्कीम आपको हर महीने एक रेगुलर इनकम की गारंटी देती है। इसका मैच्योरिटी पीरियड पांच साल होता है। हर तीन महीने में इसकी ब्याज दरें रिवाइज होती है। पांच साल बाद आप अपनी डिपॉजिट की गई रकम को वापस ले सकते हैं। अगर आप स्कीम का आगे भी फायदा लेना चाहते हैं, तो मैच्योरिटी के बाद नया अकाउंट खुलवा सकते हैं। इस स्कीम में व्यक्तिगत रूप से 9 लाख रुपए या संयुक्त रूप से 15 लाख रुपए का निवेश 5 साल के लिए किया जा सकता है। इस पर अभी 7.4% का सालाना ब्याज मिल रहा है। सीनियर सिटीजन म्यूचुअल फंड या हाइब्रिड म्यूचुअल फंड में भी निवेश कर सकते हैं। ये मुख्य रूप से फिक्स्ड इनकम वाले ऑप्शन में ही निवेश करते हैं। इसमें कैपिटल बढ़ने के साथ-साथ रेगुलर इनकम भी होती है। हालांकि, म्यूचुअल फंड्स में निवेश करना जोखिम से भरा हो सकता है। इसका चुनाव आप अपने जोखिम को देखते हुए ही करें।

**CFO बोले** | **30 करोड़ से कर्ज चुकाएंगे; 8 बेड से की थी हॉस्पिटल की शुरुआत**

# कल खुलेगा GPT हेल्थकेयर का IPO

नई दिल्ली, एजेंसी

ILS हॉस्पिटल्स को ऑपरेट करने वाली GPT हेल्थकेयर लिमिटेड का IPO 22 फरवरी को खुलेगा। इसमें आप 26 फरवरी तक पैसा लगा सकते हैं। 29 फरवरी को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) पर लिस्ट होंगे।

GPT हेल्थकेयर इस IPO के जरिए 525.14 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 40 करोड़ के 2,150,537 फ्रेश शेयर इश्यू करेगी। जबकि, कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल के जरिए 485.14 करोड़ के 26,082,786 शेयर बेचेंगे। कंपनी ने IPO का प्राइस बैंड 177 से 186 तय किया है।

सवाल : कंपनी क्या करती है और IPO से जुटाए पैसों का इस्तेमाल कहां करेगी?

जवाबः हमारी कंपनी कोलकाता बेस्ड है। हम ILS के 4 हॉस्पिटल्स चलाते हैं, जिसमें 2 हॉस्पिटल्स कोलकाता में, 1 हावड़ा में और 1 अगरतला में हैं। चारों हॉस्पिटल्स में टोटल 561 बेड हैं। ये फुल सर्विस हॉस्पिटल्स हैं, जिसमें हम बेस्ट क्लास केयर देते हैं।

आने वाले समय में हम 2-3 हॉस्पिटल्स और खोलने वाले हैं। फ्रेश इश्यू के जरिए जुटाई गई राशि में से 30 करोड़ रुपए का इस्तेमाल कर्ज चुकाने के लिए किया जाएगा।

सवाल : ILS नाम से आप अपने हॉस्पिटल ऑपरेट करते हैं, इनकी USP क्या है?

जवाबः हम मल्टी स्पेशलिटी ट्रीटमेंट घर के पास देते हैं। ज्यादातर शहरों में बड़े हॉस्पिटल्स शहर के बाहर होते हैं, जहां पर लोग रहते हैं वहीं पर अच्छा ट्रीटमेंट नहीं मिल पाता है। हमारे हॉस्पिटल्स नेबरहुड की तरह है। यही हमारी USP है।




हमारी शुरुआत साल 2000 में कोलकाता के साल्ट लेक इलाके में 8 बेड वाले हॉस्पिटल से हुई थी।

सवालः आपने कब सोचा कि जीपीटी हेल्थकेयर लिमिटेड का IPO लाना चाहिए?

जवाबः हमने पिछले 2 सालों में सोचा कि मार्केट में लिस्टिंग कर लेनी चाहिए। मार्केट पिछले 3-4 साल से नई कंपनियों की लिस्टिंग के लिए अच्छा रहा है। इसके अलावा हमारे साथ नवंबर 2014 से प्राइवेट इक्विटी इन्वेस्टर वैनिटी ग्रोथ कैपिटल जुड़ा है। 2014 में फाइनेंशियल डेट और बिजनेस बढ़ाने में इन्होंने काफी मदद की थी। ये अब कंपनी से पैसा निकालना चाहते हैं।

वहीं ईस्टन इंडिया चेन बेस्ड अभी कोई भी हॉस्पिटल्स मार्केट में लिस्ट नहीं है। कोविड के बाद लोगों का हॉस्पिटल्स के प्रति पॉजिटिव थिंकिंग और पॉजिटिव आउटलुक भी है।

सवालः IPO में रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 35% हिस्सा रिजर्व रखा गया है, कोई खास वजह?

जवाबःसेबी के नियम के हिसाब से प्रॉफिटेबल कंपनी को रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 35% हिस्सा रिजर्व रखना होता है। वहीं लॉस मेकिंग कंपनी को रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 10% रिजर्व रखना होता है। वहीं IPO का 50% हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (QIB) के लिए रिजर्व है। 15% हिस्सा नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (NII) के लिए रिजर्व है।

सवालः आपको कितने सब्सक्रिप्शन की उम्मीद है? GMP अभी न्यूट्रल है इस पर क्या कहना है?

जवाबः सब्सक्रिप्शन की उम्मीद तो जो आप कर सकते हैं वही हम कर सकते हैं। हम कोई स्पेशल उम्मीद नहीं कर सकते हैं। वहीं ग्रे मार्केट प्रीमियम पर हम कोई कमेंट नहीं कर सकते। लिस्टिंग मार्केट पर निर्भर होती है, इसलिए हमारा इस पर कोई भी व्यू नहीं है।

सवालः कंपनी के बिजनेस एक्सपेंशन का क्या प्लान है?

जवाबः हमारा एक हॉस्पिटल रायपुर में पंचवरी नाका के पास आ रहा है जो 2024 में शुरू हो सकता है, यह 152 बेड का हॉस्पिटल है। एक और हॉस्पिटल रांची में बन रहा है जो 2027 में शुरू होगा। इसके अलावा ईस्टन इंडिया में और भी अपॉर्चुनिटीज देख रहे हैं, जहां डिमांड हाई हो।

# डीपफेक रोकने के लिए हेल्पलाइन शुरू करेगा वॉट्सऐप

नई दिल्ली, एजेंसी। AI-जनरेटेड मिस इनफार्मेशन खास तौर पर डीपफेक से निपटने के लिए वॉट्सऐप जल्द हेल्पलाइन शुरू करेगा। इसके लिए वॉट्सऐप की पेरेंट कंपनी मेटा और मिसइन फॉर्मेशन कॉम्बैट एलायंस (MCA) ने पार्टनरशिप की है। यह हेल्पलाइन चैटबॉट के रूप में रहेगी, जो इंग्लिश के साथ तीन लोकल लैंग्वेज (हिंदी, तमिल और तेलुगु) में शुरू होगी। देशभर के यूजर्स इसे इस्तेमाल कर सकेंगे। चैटबॉट के जरिए टेक्स्ट मैसेज, इमेज और वीडियो भेजकर उसकी जांच करने के लिए रिपोर्ट कर सकेंगे। वॉट्सऐप हेल्पलाइन के जरिए मिलने वाली शिकायतों को एनालाइज और मैनेज करने के लिए MCA एक सेंट्रल 'डीपफेक एनालिसिस यूनिट' स्थापित करेगा। पब्लिक पॉलिसी इंडिया के डायरेक्टर शिवनाथ ठुकराल ने कहा कि हम AI के जरिए तैयार की गई मिसइनफॉर्मेशन की चिंताओं को पहचानते हैं। हमारा मानना है कि इससे निपटने के लिए पूरे इंडस्ट्री को ठोस और जरूरी कदम उठाने की जरूरत है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)